सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:-8 **विषय:**हिन्दी **पाठ:1**

मौखिक

1. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) कवि संसार के मन की बात जानने वाले ईश्वर से अपने पथ को आलोकित करने की प्रार्थना कर रहा है।

(ख) कवि अपने मन से तुच्छ दुर्विचारों को दूर करना चाहता है।

(ग) कवि ईश्वर द्वारा दी गई शक्ति और उसके ज्ञान के प्रकाश को अपने जीवन में उतार लेना चाहता है।

लिखित

2. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) जड़ और चेतन के स्वामी ईश्वर से कवि ने ज्ञान का पवित्र सफ़ेद प्रकाश और केवल अच्छाई देखने वाली स्वच्छ दृष्टि माँगी है।

(ख) कवि ऐसी शक्ति प्राप्त करना चाहता है जिससे बुरे विचार दूर हो जाएँ। केवल ईश्वर की प्रेरणा से ही काम करने में लग जाएँ।

(ग) कवि अपने जीवन में ईश्वर को मित्र, पिता, रास्ता दिखानेवाले और शक्ति देने वाले के रूप में देखता है।

(घ) कवि ईश्वर से प्रार्थना करता हुआ कहता है कि मेरे जीवन के मार्ग को आप अच्छाई के प्रकाश से भर दो। मन के बुरे विचारों को दूर कर दो। हमें निरंतर आपसे अच्छे काम करने की प्रेरणा मिलती रहे। आपके द्‌वारा दी गई शक्ति और प्रकाश को हम अपने जीवन में उतार सकें।

3. **सही वाक्यों पर (✓) और गलत वाक्यों पर (✗) का चिह्न बनाइए-**

(क) ✓; (ख) ✓; (ग) ✗; (घ) ✗;

(ङ) ✓; (च) ✓; (छ) ✗; (ज) ✓

4. **सही उत्तर पर (✓) का चिह्न बनाइए-**

(क) ईश्वर को (ख) प्रभु से